रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
०५/२०२४ - एनटीपीसी स्नातक स्तर - CEN - 05/2024 - NTPC Graduate Level

Test Date	12/06/2025
Test Time	12:45 PM - 2:15 PM
Subject	RRB NTPC Graduate Level I

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **RRB NTPC Graduate Level I**

Q.1 A, B, C, D, R, S और T एक गोल मेज के परितः मेज के केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। S, C के बाईं ओर चौथे स्थान पर बैठा है। R, A के दाईं ओर चौथे स्थान पर बैठा है। C के बाईं ओर से गिनती करने पर C और A के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। R या C का निकटतम पड़ोसी D नहीं है। B, D का निकटतम पड़ोसी नहीं है। T के दाईं ओर चौथे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
✗ 1. A
✗ 2. C
✓ 3. S
✗ 4. R

Q.2 किसी निश्चित कूट भाषा में,
'A + B' का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'
'A – B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
'A × B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

उपर्युक्त के आधार पर, यदि 'M ÷ N × O – P + Q' है, तो M का Q से क्या संबंध है?

Ans
✗ 1. पत्नी का भाई
✓ 2. भाई की पत्नी का पिता
✗ 3. पत्नी का पिता
✗ 4. भाई की पत्नी का भाई

Q.3 विंडोज़ एक्सपी में, कौन-सा घटक उपयोगकर्ताओं को सॉफ्टवेयर प्रोग्राम और एप्लिकेशन ओपन करने और उन्हें एक्सेस करने के लिए ग्राफिकल इंटरफ़ेस प्रदान करता है?

Ans
✗ 1. टास्क मैनेजर (Task Manager)
✗ 2. कंट्रोल पैनल (Control Panel)
✓ 3. स्टार्ट मेन्यू (Start Menu)
✗ 4. फाइल एक्सप्लोरर (File Explorer)

Q.4 जब कोई पदार्थ अतिचालक बन जाता है और यह माइस्नर प्रभाव (Meissner effect) के अधीन आता है, तो चुंबकीय क्षेत्र पर क्या प्रभाव पड़ता है?

Ans
✗ 1. पदार्थ के भीतर चुंबकीय क्षेत्र की सामर्थ्य बढ़ जाती है।
✗ 2. चुंबकीय क्षेत्र पदार्थ में स्वतंत्र रूप से प्रवेश करते हैं।
✓ 3. चुंबकीय क्षेत्र को पदार्थ के आंतरिक भाग से पूरी तरह प्रतिकर्षित कर दिया जाता है।
✗ 4. चुंबकीय क्षेत्र को अवशोषित कर लिया जाता है और पदार्थ के अंदर संग्रहीत कर लिया जाता है।

Q.5 यदि '+' और '–' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?
41 ÷ 19 + 448 × 4 − 26 = ?

Ans
1. 691 ✗
2. 696 ✗
3. 699 ✗
4. 693 ✓

Q.6 एक नल एक टंकी को 9 घंटे में भरता है। दूसरा नल पूरी भरी टंकी को 90 घंटे में खाली कर देता है। टंकी के आयतन के दोगुना आयतन को भरने में कितना समय (घंटों में) लगेगा, यदि टंकी शुरू में खाली है और दोनों नल एक साथ खोले जाते हैं?

Ans
1. 10 ✗
2. 20 ✓
3. 5 ✗
4. 15 ✗

Q.7 यदि 'W' का अर्थ '÷' है, 'X' का अर्थ '×' है, 'Y' का अर्थ '+' है और 'Z' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित में से किसका परिणाम 908 होगा?

Ans
1. 128 Y 32 Z 120 X 64 W 16 ✗
2. 128 W 32 Z 120 Y 64 X 16 ✓
3. 128 X 32 Y 120 Z 64 W 16 ✗
4. 128 Z 32 X 120 Y 64 Z 16 ✗

Q.8 गोपाल ने एक दुकान से ₹1,120 प्रति किताब की दर से 51 किताबें खरीदीं और दूसरी दुकान से ₹920 प्रति किताब की दर से 45 किताबें खरीदीं। उसने प्रति किताब कितनी औसत कीमत (₹ में) चुकाई?

Ans
1. 1,041.25 ✗
2. 1,036.25 ✗
3. 1,016.25 ✗
4. 1,026.25 ✓

Q.9 चतुर्भुज PQRS में, ∠R और ∠S के समद्विभाजक बिंदु T (चतुर्भुज के भीतर) पर मिलते हैं और ∠STR = 32.5° है। यदि ∠P और ∠Q का अनुपात 4 : 9 है, तो ∠Q और ∠P की माप में कितना अंतर है?

Ans
1. 24° ✗
2. 25° ✓
3. 27° ✗
4. 28° ✗

Q.10 यदि (3, 2) एक त्रिभुज के केन्द्रक के निर्देशांक हैं, जिसके शीर्ष (0, 4), (-2, 0) और (p, 2) हैं, तो p का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 11 ✓
2. 9 ✗
3. 8 ✗
4. 10 ✗

Q.11 जनवरी 2025 में, किस फिल्म निर्माता को सत्यजीत रे लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया?

Ans
1. अपर्णा सेन ✓
2. श्याम बेनेगल ✗
3. रमेश सिप्पी ✗
4. अनुराग कश्यप ✗

Q.12 $(3z - 9y)^2 + (9z + 3y)^2 - 81z^2$ का सरलतम रूप ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $9z^2 + 90y^2$ ✔
2. $18z^2 + 91y^2$ ✘
3. $3z^2 + 81y^2$ ✘
4. $7z^2 + 95y^2$ ✘

Q.13 टाउन N, टाउन O के पूर्व में है। टाउन P, टाउन N के उत्तर में है। टाउन Q, टाउन P के दक्षिण में है। टाउन R, टाउन Q के पश्चिम में है। टाउन O, टाउन R के उत्तर-पूर्व में है। टाउन Q के संबंध में टाउन N की स्थिति क्या है?

Ans
1. दक्षिण ✘
2. उत्तर ✔
3. पूर्व ✘
4. पश्चिम ✘

Q.14 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर DG 24 एक निश्चित तर्क के अनुसार WT 20 से संबंधित है। IL 18 उसी तर्क के अनुसार BY 14 से संबंधित है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए QT 30 दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans
1. JG 34 ✘
2. RU 26 ✘
3. HF 28 ✘
4. JG 26 ✔

Q.15 शुभम अपनी कक्षा में ऊपर से 19वें स्थान पर तथा नीचे से 46वें स्थान पर है। उसकी कक्षा में कितने छात्र हैं?

Ans
1. 65 ✘
2. 64 ✔
3. 62 ✘
4. 63 ✘

Q.16 इस प्रश्न में, अक्षरों के एक समूह को नीचे दी गई तालिका और उसके बाद दी गई शर्तों के अनुसार संख्याओं और प्रतीकों का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है।

अक्षर	U	M	S	J	P	T	F	E	A
कूट	7	4	@	$	%	*	6	2	3

शर्तें:
1. यदि पहला अक्षर स्वर है और तीसरा अक्षर व्यंजन है, तो दोनों को व्यंजन के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।
2. यदि पहला और अंतिम अक्षर स्वर हैं, तो दोनों को 'N' के रूप में कूटबद्ध किया जाना चाहिए।
3. यदि दूसरा और अंतिम अक्षर स्वर है, तो उनके कूटों को आपस में बदल दिया जाना चाहिए।

निम्नलिखित अक्षरों के लिए कूटों का सही संयोजन (केवल लागू शर्तों का अनुसरण करके) क्या है?
UJEPA

Ans
1. N $ 2 % 3 ✘
2. 7 $ 2 % 3 ✘
3. 7 $ 2 % N ✘
4. N $ 2 % N ✔

Q.17 जनवरी 2025 में विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक कहाँ आयोजित की गई?

Ans
1. दावोस, स्विटजरलैंड ✔
2. बेसल, स्विटजरलैंड ✘
3. ज्यूरिख, स्विटजरलैंड ✘
4. जिनेवा, स्विटजरलैंड ✘

Q.18 केंद्रीय जल आयोग (CWC) ने _______ के सहयोग से 'हिमालय नदी बेसिन में हिमपात अपवाह पूर्वानुमान' का कार्य शुरू किया है।

Ans

1. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद

2. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन

3. राष्ट्रीय सुदूर संवेदन केंद्र

4. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

Q.19 D, E, F, G, M, N और O एक गोल मेज के परित: केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। N और M के बीच में केवल E बैठा है। M, O के बाएं तीसरे स्थान पर बैठा है। G, O के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। D, M का निकटतम पड़ोसी नहीं है। F के बाएं तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans

1. D

2. N

3. M

4. E

Q.20 अक्टूबर 2024 में मध्यस्थता अधिनियम, 2023 लागू हो गया। इस कानून की मुख्य विशेषता क्या है?

Ans

1. यह सार्वजनिक क्षेत्र के विवादों में मध्यस्थों की भूमिका को समाप्त कर देता है।

2. यह अदालती कार्यवाही से पहले सभी सिविल और वाणिज्यिक विवादों के लिए मध्यस्थता को अनिवार्य बनाता है।

3. इसमें यह अनिवार्य किया गया है कि सभी मध्यस्थता कार्यवाही केवल सेवानिवृत्त न्यायाधीशों द्वारा ही संचालित की जानी चाहिए।

4. यह विवाद समाधान की एकमात्र विधि के रूप में विवाचन और सुलह के स्थान पर मध्यस्थता को अपनाता है।

Q.21 सहकारी समितियां मुख्य रूप से, निम्नलिखित में से किसके प्रति उत्तरदायी होती हैं?

Ans

1. स्थानीय नगर निकाय

2. भारतीय रिजर्व बैंक

3. केंद्र सरकार

4. सहकारी समिति के सदस्य

Q.22 उस समूह का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समूह की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(25, 900, 18)
(23, 874, 19)

Ans

1. (40, 807, 10)

2. (42, 1176, 14)

3. (30, 1147, 19)

4. (49, 1575, 16)

Q.23 संख्याओं और प्रतीकों के एक समूह को नीचे दिए गए कूट और उसके बाद की शर्तों के अनुसार अक्षर कूट का उपयोग करके कूटबद्ध किया गया है। दिए गए कूट और शर्तों का अध्ययन करें और उसके बाद दिए प्रश्न का उत्तर दें।

नोट: यदि कोई भी शर्त लागू नहीं होती है, तो संबंधित संख्या/प्रतीक के लिए कूट का सीधे अनुसरण किया जाना चाहिए जैसा कि तालिका में दिया गया है।

संख्या/ प्रतीक	@	4	6	9	$	+	3	%	#	7	&	5	$	2
कूट	L	V	C	M	K	P	B	Q	Z	Y	R	B	U	F

शर्तें:
यदि पहला घटक एक प्रतीक है और अंतिम घटक एक विषम संख्या है, तो इन दोनों (पहले और अंतिम घटक) के कूटों को परस्पर बदल दिया जाएगा।
यदि पहला घटक विषम संख्या है और अंतिम घटक सम संख्या है, तो पहले और अंतिम घटकों को © के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।
यदि दूसरा और तीसरा दोनों घटक पूर्ण वर्ग हैं, तो तीसरे घटक को दूसरे घटक के कूट के रूप में कूटबद्ध किया जाएगा।
निम्नलिखित समूह के लिए कूट क्या होगा?

+ 6 # 5

Ans
- ✗ 1. PCCB
- ✗ 2. PZZB
- ✓ 3. BCZP
- ✗ 4. PCZB

Q.24 हड़प्पाकालीन मुहरें अधिकतर निम्नलिखित में से किससे बनी थीं?

Ans
- ✗ 1. लौह
- ✓ 2. स्टीटाइट
- ✗ 3. संगमरमर
- ✗ 4. टेराकोटा

Q.25 M, N, O, P, Y और Z एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है उसके ऊपर की तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपर के तल का क्रमांक 6 है। Y और Z के बीच केवल तीन व्यक्ति रहते हैं, जहाँ Z के नीचे Y रहता है। P एक विषम क्रमांक वाले तल पर और Y के ठीक ऊपर रहता है। O, M के नीचे के तलों में से किसी एक पर और N के ऊपर के तलों में से किसी एक पर रहता है। तल क्रमांक 4 पर कौन रहता है?

Ans
- ✗ 1. Z
- ✓ 2. O
- ✗ 3. P
- ✗ 4. M

Q.26 एक व्यक्ति अपनी मासिक आय का 50% खर्च करता है, वह प्रति माह ₹7,056 बचाता है। उसका मासिक खर्च (₹ में) कितना है?

Ans
- ✗ 1. 7,039
- ✗ 2. 7,024
- ✓ 3. 7,056
- ✗ 4. 6,987

Q.27 तीन संख्याएँ $\frac{5}{14} : \frac{16}{13} : \frac{20}{14}$ के अनुपात में हैं। सबसे बड़ी संख्या और सबसे छोटी संख्या के बीच अंतर 30 है। सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 41
- ✗ 2. 39
- ✓ 3. 40
- ✗ 4. 42

Q.28 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से शृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

GM17, IO25, KQ33, MS41, ?

Ans
✔ 1. OU49
✘ 2. OV48
✘ 3. OU48
✘ 4. OV49

Q.29 विंडोज़ के किस संस्करण में स्टार्ट मेनू (Start menu) की शुरुआत हुई?

Ans
✘ 1. विंडोज़ 7
✘ 2. विंडोज़ 10
✔ 3. विंडोज़ 95
✘ 4. विंडोज़ एक्सपी

Q.30 कौन-सा जीवाणुजनित रोग विशेष रूप से सीरम संबंधी विधि द्वारा संपुष्ट किया जाता है?

Ans
✔ 1. टाइफॉइड
✘ 2. न्यूमोनिया
✘ 3. डिप्थीरिया
✘ 4. प्लेग

Q.31 यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में '?' के स्थान पर क्या आएगा?
45 ÷ 12 − 75 × 5 + 13 = ?

Ans
✔ 1. 542
✘ 2. 546
✘ 3. 544
✘ 4. 545

Q.32 दो धनात्मक संख्याओं के बीच 2134 का अंतर है। जब बड़ी संख्या को छोटी संख्या से विभाजित किया जाता है, तो भागफल 2 होता है और शेषफल 147 होता है। दी गई दो संख्याओं में से बड़ी संख्या और 4225 का HCF कितना है?

Ans
✘ 1. 16
✘ 2. 11
✘ 3. 10
✔ 4. 13

Q.33 प्रसिद्ध 'त्रिमूर्ति' मूर्ति निम्नलिखित में से किस गुफा में मौजूद है?

Ans
✔ 1. एलीफेंटा गुफाएँ
✘ 2. कार्ले गुफाएँ
✘ 3. अजंता गुफाएँ
✘ 4. एलोरा गुफाएँ

Q.34 कंप्यूटर सिस्टम में किसी डॉक्यूमेंट पर कार्य करते समय, जब आप Ctrl + S प्रेस करते हैं, तो क्या होता है?

Ans
✘ 1. डॉक्यूमेंट को सेंड (Send) करता है
✘ 2. स्लाइड शो स्टार्ट करता है
✔ 3. वर्तमान डॉक्यूमेंट को सेव करता है
✘ 4. यह डॉक्यूमेंट को सर्च करता है

Q.35 'एक ईश्वर, एक जाति' का नारा किस समाज-सुधारक ने दिया था?

Ans
- ✗ 1. दयानंद सरस्वती
- ✓ 2. ज्योतिबा फुले
- ✗ 3. नारायण गुरु
- ✗ 4. केशुब चंद्र सेन

Q.36 यूनिसेफ द्वारा 15 से 17 नवंबर तक, 2024 क्षेत्रीय विश्व बाल दिवस कहां मनाया गया?

Ans
- ✗ 1. अदीस अबाबा, इथियोपिया
- ✗ 2. नैरोबी, केन्या
- ✓ 3. विक्टोरिया फ़ॉल्स, ज़िम्बाब्वे
- ✗ 4. जोहांसबर्ग, दक्षिण अफ़्रीका

Q.37 A, B, C, D, E और F एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ऊपर के तल का क्रमांक 2 है और इसी तरह सबसे ऊपर के तल का क्रमांक 6 है। B एक ऐसे तल पर रहता है जो एक अभाज्य संख्या है। B और D जिन तलों पर रहते हैं उनका गुणनफल 3 है। C के ऊपर केवल 2 व्यक्ति रहते हैं। F, A के ठीक नीचे रहता है। A और C के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
- ✗ 1. 2
- ✗ 2. 3
- ✓ 3. 1
- ✗ 4. 4

Q.38 मोहन ने एक बैंक में 6% वार्षिक साधारण ब्याज की दर पर ₹1,320 निवेश किया। 6 वर्ष बाद उसे कितना मिश्रधन (₹ में) मिलेगा?

Ans
- ✗ 1. 575.2
- ✗ 2. 475.2
- ✓ 3. 1,795.2
- ✗ 4. 1,695.2

Q.39 पेरिप्लस ऑफ दि एरिथ्रियन सी (Periplus of the Erythraean Sea) निम्नलिखित में से कब लिखा गया था?

Ans
- ✗ 1. दूसरी शताब्दी ई.पू.
- ✓ 2. पहली शताब्दी ई.
- ✗ 3. तीसरी शताब्दी ई.
- ✗ 4. पांचवी शताब्दी ई.

Q.40 यदि k का 20%, 10 के 1200% से 10 कम है, तो k मान क्या होगा?

Ans
- ✗ 1. 510
- ✗ 2. 530
- ✓ 3. 550
- ✗ 4. 590

Q.41 मार्च 2025 में, 2028 पैरालिंपिक की तैयारियों को बढ़ावा देने के लिए किस क्षेत्र को दुनिया के पहले उच्च ऊंचाई वाले पैरा स्पोर्ट्स सेंटर के रूप में घोषित किया गया था?

Ans
- ✗ 1. कारगिल, लद्दाख
- ✓ 2. लेह, लद्दाख
- ✗ 3. औली, उत्तराखंड
- ✗ 4. मनाली, हिमाचल प्रदेश

Q.42 15 पेन और 6 पेंसिल की कीमत ₹291 है। यदि एक पेन की कीमत ₹9 कम हो जाती है और एक पेंसिल की कीमत ₹2 बढ़ जाती है, तो 9 पेन और 3 पेंसिल की कीमत ₹75 हो जाती है। 12 पेन और 3 पेंसिल की मूल कीमत कितनी है?

Ans
- ✗ 1. ₹161
- ✓ 2. ₹159
- ✗ 3. ₹158
- ✗ 4. ₹157

Q.43 पाक जलडमरूमध्य (Palk Strait) भारत को निम्नलिखित में से किस देश से अलग करता है?

Ans
- ✗ 1. मालदीव
- ✗ 2. बांग्लादेश
- ✗ 3. म्यांमार
- ✓ 4. श्रीलंका

Q.44 भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद, 14 वर्ष से कम आयु के किसी भी बच्चे को कारखाने, खदान या जोखिमभरे व्यवसाय में नियोजित किए जाने से रोकता है?

Ans
- ✗ 1. अनुच्छेद 21
- ✗ 2. अनुच्छेद 19
- ✗ 3. अनुच्छेद 23
- ✓ 4. अनुच्छेद 24

Q.45 यदि 10% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज की दर से ब्याज अर्धवार्षिक रूप से संयोजित किया जाए तो ₹72,000 की राशि एक वर्ष बाद कितनी हो जाएगी?

Ans
- ✓ 1. ₹79,380
- ✗ 2. ₹79,510
- ✗ 3. ₹80,378
- ✗ 4. ₹78,632

Q.46 रवि शहर A से शहर B तक की यात्रा करता है। यदि रवि अपनी कार को अपनी सामान्य चाल की $\frac{2}{7}$ चाल से चलाता है, तो वह शहर B, 30 मिनट की देरी से पहुंचता है। यदि रवि अपनी सामान्य चाल से कार चलाता, तो उसे शहर A से शहर B तक जाने में कितना समय (मिनट में) लगता?

Ans
- ✗ 1. 5
- ✗ 2. 19
- ✓ 3. 12
- ✗ 4. 3

Q.47 यदि आठ अंकीय संख्या 43377p08, 8 से विभाज्य है, तो p का अधिकतम मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 7
- ✗ 2. 4
- ✓ 3. 8
- ✗ 4. 6

Q.48 एक आयताकार कागज को उसकी चौड़ाई के अनुदिश रोल करके एक बेलन बनाया जाता है। यदि आयत की लंबाई और चौड़ाई क्रमशः 12 m और 7.48 m है, तो बेलन का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

Ans
- ✓ 1. 89.76 m^2
- ✗ 2. 100.24 m^2
- ✗ 3. 44.88 m^2
- ✗ 4. 98.66 m^2

Q.49	मौद्रिक नीति समिति (MPC) 2025 ने तरलता समायोजन सुविधा (LAF) के तहत नीति रेपो दर को तत्काल प्रभाव से 25 आधार अंक घटाकर ________ कर दिया।	
Ans	✗ 1. 5.50 प्रतिशत ✓ 2. 6.0 प्रतिशत ✗ 3. 6.25 प्रतिशत ✗ 4. 5.25 प्रतिशत	

Q.50	आर्थिक सर्वेक्षण 2023-24 के अनुसार, 2030 तक भारत की कितनी प्रतिशत आबादी के नगरीय क्षेत्रों में रहने की संभावना है?	
Ans	✗ 1. 45% ✓ 2. 40% ✗ 3. 35% ✗ 4. 50%	

Q.51	निम्नलिखित में से कौन-सा बंदरगाह पश्चिमी तटीय मैदान में स्थित है?	
Ans	✗ 1. पारादीप ✗ 2. कोलकाता ✓ 3. मंगलौर ✗ 4. विशाखापट्टनम	

Q.52	निम्नलिखित त्रिक में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो समान तर्क का अनुसरण करता हो। REAL - LRAE - RLEA MAKE - EMKA - MEAK	
Ans	✗ 1. HUGS - UHGS - SUGH ✓ 2. COPE - ECPO - CEOP ✗ 3. KEYS - SKEY - EYSK ✗ 4. POUR - RPUO - PORU	

Q.53	सेल्सियस पैमाने पर जल के त्रिक बिन्दु का तापमान कितना होता है?	
Ans	✗ 1. -273.15°C ✓ 2. 0.01°C ✗ 3. 0°C ✗ 4. 100°C	

Q.54	निम्नलिखित संख्या-प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए। (बाएं) £ @ 5 6 3 © & 4 9 % * $ $ % 6 & # & € © 5 8 (दाएं) ऐसी कितनी संख्याएं हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक प्रतीक है और ठीक बाद में भी एक प्रतीक है?	
Ans	✗ 1. 0 ✗ 2. 3 ✓ 3. 1 ✗ 4. 2	

Q.55	मार्च 2025 में, भारत ने किस घटना की प्रतिक्रिया में 'ऑपरेशन ब्रह्मा' शुरू किया?	
Ans	✗ 1. अंडमान द्वीप समूह में ज्वालामुखी विस्फोट ✗ 2. भारत के पूर्वी तट को प्रभावित करने वाला चक्रवात ✗ 3. पूर्वोत्तर भारत में भीषण बाढ़ ✓ 4. म्यांमार में विनाशकारी भूकंप	

Q.56 एक समूह के 7 लड़कों का औसत वजन 54 kg है। जब एक नया लड़का समूह में शामिल हुआ, तो औसत वजन 2 kg बढ़ गया। नए लड़के का वजन ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 72 kg ✗
2. 74 kg ✗
3. 70 kg ✓
4. 77 kg ✗

Q.57 यदि $\sin^4\theta - \cos^4\theta = \frac{1}{2}$ है, तो $2\sin^2\theta - 1$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $\frac{\sqrt{3}}{2}$ ✗
2. $\frac{1}{\sqrt{2}}$ ✗
3. $\frac{1}{2}$ ✓
4. 1 ✗

Q.58 MS पावरपॉइंट टेम्पलेट्स को सेव करने के लिए किस फ़ाइल फॉर्मेट का उपयोग किया जाता है?

Ans
1. .pptx ✗
2. .potx ✓
3. .ppmx ✗
4. .ppsx ✗

Q.59 प्रेक्षणों 83, 17, 62, 87, 62, 96, 86, 92 और 90 का समांतर माध्य ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 79 ✗
2. 75 ✓
3. 85 ✗
4. 74 ✗

Q.60 57 + [5 + { 72 - (24 ÷ 6)} ÷ 4] का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 82 ✗
2. 79 ✓
3. 89 ✗
4. 81 ✗

Q.61 ब्रिटिश शासन के तहत भारत के लिए अंतिम अपील न्यायालय कौन-सा था?

Ans
1. हाउस ऑफ कॉमन्स ✗
2. लंदन में प्रिवी काउंसिल ✓
3. कलकत्ता का सर्वोच्च न्यायालय ✗
4. संघीय न्यायालय ✗

Q.62 एक निश्चित कूट भाषा में, 'WIND' को '6482' के रूप में और 'DOGS' को '3671' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'D' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
1. 3 ✗
2. 2 ✗
3. 1 ✗
4. 6 ✓

Q.63 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर समूह, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. PWR ✗
2. MTO ✗
3. GNJ ✓
4. JQL ✗

Q.64 निम्नलिखित में से कौन-सा आयाम, लैंगिक असमानता सूचकांक (GII) द्वारा मापा नहीं जाता है?

Ans
1. श्रम बाजार में भागीदारी ✗
2. स्वच्छ पेयजल तक अभिगम्यता ✓
3. जनन स्वास्थ्य ✗
4. सशक्तिकरण ✗

Q.65 नीति आयोग के अनुसार, 2013-14 से 2022-23 तक भारत में गरीबी दर अनुपात में कितनी कमी आई?

Ans
1. 28% से घटकर 15% हो गई ✗
2. 25% से घटकर 10% हो गई ✗
3. 30% से घटकर 12.5% हो गई ✗
4. 29.17% से घटकर 11.28% हो गई ✓

Q.66 निम्नलिखित में से कौन-सा अनुपात सबसे बड़ा है?

Ans
1. 34 : 51 ✓
2. 27 : 76 ✗
3. 31 : 72 ✗
4. 38 : 77 ✗

Q.67 भारत सरकार का कौन-सा कार्यक्रम लाभार्थियों की पहचान के लिए सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना (SECC) डेटा का उपयोग करता है?

Ans
1. राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन ✗
2. डिजिटल इंडिया ✗
3. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम ✗
4. प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण ✓

Q.68 एक स्टूल को ₹8,378 में बेचने पर, लाभ का मूल्य इसे ₹1,756 में बेचने पर हुई हानि के मूल्य से 20% अधिक है। 50% लाभ प्राप्त करने के लिए, विक्रय मूल्य (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 7,150 ✗
2. 7,148 ✗
3. 7,151 ✗
4. 7,149 ✓

Q.69 नर्मदा नदी के उत्तर में स्थित क्षेत्र को क्या कहा जाता है?

Ans
1. छोटा नागपुर पठार ✗
2. दक्कन का पठार ✗
3. पूर्वी घाट ✗
4. मध्य उच्च भूभाग ✓

Q.70 एक आयताकार टिन शीट 32 cm लंबी और 14 cm चौड़ी है। इसे इसकी लंबाई के अनुदिश रोल करके एक बेलनाकार आकार दिया गया है, जिसके विपरीत किनारे एक दूसरे को स्पर्श करते हैं। बेलन का आयतन (cm^3 में) ज्ञात कीजिए।

Ans

✗ 1. $\frac{3588}{\pi}$

✓ 2. $\frac{3584}{\pi}$

✗ 3. $\frac{3582}{\pi}$

✗ 4. $\frac{3585}{\pi}$

Q.71 किन परिस्थितियों में भारत का राष्ट्रपति, लोकसभा को उसकी सामान्य अवधि समाप्त होने से पहले भंग कर सकता है?

Ans

✗ 1. संसद के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र से परामर्श के बाद

✗ 2. जब सर्वोच्च न्यायालय, संसद को भंग करने का आदेश देता है

✓ 3. प्रधानमंत्री की अनुशंसा पर

✗ 4. बिना किसी शर्त के राष्ट्रपति जब भी चाहें

Q.72 निम्नलिखित संख्या-प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके बाद दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

(बाएं) £ % * 3 6 £ 1 © & 8 1 5 5 3 * # © 7 1 7 3 @ (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में भी एक संख्या है?

Ans

✗ 1. 2

✗ 2. 0

✓ 3. 1

✗ 4. 3

Q.73 इनमें से कौन-सा, भारत का सुदूर पश्चिमी आवासित गाँव है?

Ans

✓ 1. घुआर मोटा

✗ 2. लखपत

✗ 3. तनोट

✗ 4. कोटेश्वर

Q.74 एक दुकानदार किसी वस्तु का मूल्य ₹5,180 अंकित करता है। यदि 31% की छूट देने के बाद भी उसे क्रय मूल्य पर 5% का लाभ प्राप्त होता है, तो क्रय मूल्य ज्ञात कीजिए।

Ans

✓ 1. ₹3,404

✗ 2. ₹3,387

✗ 3. ₹3,470

✗ 4. ₹3,376

Q.75 ब्रिटिश शासन के तहत भारत के आर्थिक शोषण पर प्रकाश डालने वाले 'धन निष्कासन' सिद्धांत का प्रमुख रूप से पक्ष समर्थन किसने किया था?

Ans

✗ 1. लाला लाजपत राय

✓ 2. दादाभाई नौरोजी

✗ 3. बिपिन चंद्र पाल

✗ 4. गोपाल कृष्ण गोखले

Q.76 भारतीय संसद में अनुच्छेद 4(2) के अनुसार अनुच्छेद 2 और 3 के अंतर्गत कानून पारित करने के लिए किस प्रकार के बहुमत की आवश्यकता होती है?

Ans
1. दो-तिहाई बहुमत ✗
2. विशेष बहुमत ✗
3. साधारण बहुमत ✓
4. राज्य अनुसमर्थन ✗

Q.77 $2x^2$ और 12xy का तृतीयानुपाती ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $71y^2$ ✗
2. $74y^2$ ✗
3. $72y^2$ ✓
4. $73y^2$ ✗

Q.78 उस त्रिक का चयन करें जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

EA-GC-JL
GC-IE-LN

Ans
1. KG-MI-PS ✗
2. LG-MJ-PS ✗
3. LG-MI-PS ✗
4. KG-MI-PR ✓

Q.79 'उड़ती अप्सरा (The Flying Apsara)' चित्रकला निम्नलिखित में से किस गुफा की उत्कृष्ट कृति है?

Ans
1. अजंता ✓
2. एलोरा ✗
3. कार्ले ✗
4. एलीफेंटा ✗

Q.80 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनो/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. IA – NR ✗
2. DV – IN ✓
3. KC – PT ✗
4. BT – GK ✗

Q.81 2026 के लिए निर्धारित, समुद्रयान का उद्देश्य निम्नलिखित में से क्या है?

Ans
1. वैज्ञानिकों को पानी के नीचे 6,000 मीटर की गहराई में भेजना ✓
2. समुद्र आधारित लॉन्च प्लेटफ़ॉर्म का परीक्षण करना ✗
3. अंडरवाटर सैटेलाइट को लॉन्च करना ✗
4. रोबोट का उपयोग करके गहरे समुद्र में खनन ✗

Q.82 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

962 960 956 950 942 ?

Ans
1. 936 ✗
2. 934 ✗
3. 930 ✗
4. 932 ✓

Q.83 विंडोज़ ऑपरेटिंग सिस्टम में निम्नलिखित में से कौन-सा एक्शन, किसी फ़ाइल को रीसायकल बिन में भेजे बिना उसे स्थायी रूप से डिलीट कर देगा?

Ans
✔ 1. Shift + Delete दबाएँ
✘ 2. Delete कुंजी दबाएँ
✘ 3. फ़ाइल Rename करें
✘ 4. राइट-क्लिक करें और ओपन चुनें

Q.84 निम्नलिखित संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) 2 @ % * 2 7 4 8 € @ % © $ 7 6 6 * $ 7 £ 7 6 (दाएं)

ऐसी कितनी संख्याएँ हैं जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक संख्या है और ठीक बाद में एक प्रतीक भी है?

Ans
✘ 1. 1
✘ 2. 3
✔ 3. 2
✘ 4. 4

Q.85 श्रीमान O बिंदु L से ड्राइव करना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 3 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 3 km ड्राइव करता है, फिर दाएं मुड़ता है और 4 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 4 km ड्राइव करता है। वह अंत में बाएं मुड़ता है और 7 km ड्राइव करके बिंदु M पर रुक जाता है। बिंदु L पर पुनः पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
✔ 1. 7 km, पश्चिम की ओर
✘ 2. 3 km, उत्तर की ओर
✘ 3. 4 km, दक्षिण की ओर
✘ 4. 7 km, पूर्व की ओर

Q.86 निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर-संख्या समूह दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर रखे जाने से शृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी?

VRO 6, UQN 11, TPM 16, SOL 21, ?

Ans
✘ 1. RPM 25
✘ 2. PRN 26
✔ 3. RNK 26
✘ 4. PQM 25

Q.87 यदि संख्या 8132574 में प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए तथा प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो बनने वाली नई संख्या में कितने अंक एक से अधिक बार आएंगे?

Ans
✘ 1. 4
✘ 2. 1
✘ 3. 3
✔ 4. 2

Q.88 एक टंकी के तल में एक होल है जिससे पानी रिस रहा है। एक नल टंकी को 6 घंटे में भर सकता है और तल का होल 15 घंटे में पूरी तरह से भरी हुई टंकी को खाली कर सकता है। यदि नल और होल दोनों खुले हों, तो खाली टंकी को पूरी तरह से भरने में कितना समय लगेगा?

Ans
✔ 1. 10 घंटे
✘ 2. 22 घंटे
✘ 3. 14 घंटे
✘ 4. 26.1 घंटे

Q.89 RR 14 एक निश्चित तरीके से UN 3 से संबंधित है। उसी तरह BV 10, ER −1 से संबंधित है। समान तर्क का पालन करते हुए, दिए गए विकल्पों में से PE 1 किससे संबंधित है?

Ans
✔ 1. SA −10
✘ 2. VS −9
✘ 3. PV 2
✘ 4. RI 8

Q.90 एक विक्रेता ₹41,622 में 42 लैपटॉप बैग खरीदता है और उन्हें ₹37,345 में 35 लैपटॉप बैग की दर से बेचता है। ₹3,952 का लाभ अर्जित करने के लिए कितने लैपटॉप बैग खरीदे और बेचे जाने चाहिए?

Ans
✔ 1. 52
✘ 2. 16
✘ 3. 34
✘ 4. 76

Q.91 b के किन मानों के लिए द्विघात समीकरण $4x^2 + bx + 16 = 0$ के वास्तविक मूल समान हैं?

Ans
✘ 1. 8 और −8
✘ 2. 4 और −4
✔ 3. 16 और −16
✘ 4. −4 और −8

Q.92 2024 के दिल्ली विधानसभा चुनाव के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं?

1. सबसे बड़े अंतर से चुनाव जीतने वाला उम्मीदवार भाजपा का है।
2. परवेश वर्मा ने नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में अरविंद केजरीवाल को हराया और दिल्ली के उपमुख्यमंत्री चुने गए।
3. आम आदमी पार्टी (आप) ने इस चुनाव में 22 सीटें हासिल की।
4. भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने पिछले चुनाव की तुलना में अपनी सीटों की संख्या में सुधार किया।

Ans
✔ 1. केवल 2 और 3
✘ 2. केवल 1 और 3
✘ 3. केवल 2, 3 और 4
✘ 4. केवल 1 और 4

Q.93 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
कुछ पेड़, फूल हैं।
सभी फूल, सुंदर हैं।
कुछ सुंदर, लड़की हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ फूल, पेड़ हैं।
(II) कुछ सुंदर, फूल हैं।

Ans
✔ 1. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।
✘ 2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✘ 3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✘ 4. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Q.94 जनवरी 2025 में, सुभाष चंद्र बोस की 128वीं जयंती के अवसर पर पराक्रम दिवस का मुख्य समारोह कहां आयोजित किया गया था?

Ans
✔ 1. बाराबती किला, कटक, ओडिशा
✘ 2. विक्टोरिया मेमोरियल, कोलकाता, पश्चिम बंगाल
✘ 3. लाल किला, नई दिल्ली, दिल्ली
✘ 4. नेताजी भवन, कोलकाता, पश्चिम बंगाल

Q.95 दो क्रमागत धनात्मक पूर्णांकों का गुणनफल 247 है। यदि इन दो पूर्णांकों में से छोटे पूर्णांक को x द्वारा निरूपित किया जाता है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा, x का मान ज्ञात करने के लिए समीकरण के संगत होगा?

Ans
1. $x^2 - x - 247 = 0$
2. $x^2 - x + 247 = 0$
3. $x^2 + x - 247 = 0$
4. $x^2 + x + 247 = 0$

Q.96 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

43 27 43 41 43 55 43 ?

Ans
1. 77
2. 43
3. 69
4. 73

Q.97 जनवरी 2025 में G7 की अध्यक्षता किस देश ने ग्रहण की?

Ans
1. ब्रिटेन
2. फ्रांस
3. ऑस्ट्रेलिया
4. कनाडा

Q.98 एक तैराक की दिशा में 37 km/hr की चाल से और धारा की विपरीत दिशा में 27 km/hr की चाल से तैर सकता है। स्थिर जल में तैराक की चाल ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 32 km/hr
2. 26 km/hr
3. 33 km/hr
4. 31 km/hr

Q.99 कलकत्ता और बम्बई नगर निगमों की स्थापना कब की गई?

Ans
1. 1850
2. 1882
3. 1919
4. 1726

Q.100 यदि निम्नलिखित आँकड़ों का बहुलक 165 है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

वर्ग	150-155	155-160	160-165	165-170	170-175
बारंबारता	23	25	37	x	28

Ans
1. 54
2. 43
3. 53
4. 37